No of Question – 25

सेट – 3

CLASS XI

HINDI - B (CORE)

Full Marks - 50

Pass Marks – 16

निर्देश – इस प्रश्न–पत्र में 25 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए दो (2) अंक निर्धारित हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

खण्ड – (क)

निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा (प्रश्न संख्या 1 से 3 के) उत्तर दीजिए।

तिब्बत की जमीन बहुत अधिक छोटे–बड़े जागीरों में बँटी है। इन जागीरों का बहुत ज्यादा हिस्सा मठो (बिहारों) के हाथ में है। अपनी–अपनी जागीर में हरेक जागीरदार कुछ खेती खुद भी कराता है, जिसके लिए मजदूर बेगार में मिल जाते है। खेतो का इंतजाम देखने के लिए कोई भिक्षु भेजा जाता है, जो जागीर के आदमियों के लिए राजा से कम नहीं होता। शेकर की खेती के लिए मुखिया भिक्षु (नम्से) बड़े पुरुष थे।

1) प्रस्तुत पंक्तियाँ किस पाठ से ली गई है?

(A) उपभोक्तावाद की संस्कृति (B) ल्हासा की ओर

(C) प्रेमचंद के फटे जूते (D) एक कुत्ता एक मैना

2) मुखिया भिक्षु क्या कहलाता था?

(A) जागीरदार (B) राजा

(C) नम्से (D) मंत्री

3) किस देश की जमीन छोटे–छोटे जागीरों में बँटी हुई थी?

(A) तिब्बत (B) नेपाल

(C) बांगला देश (D) भारत

XI th/model-2019/Hindi-core-B/SET-III rd/ Page-1 of 6

4) उपभोक्तावाद की संस्कृति में किसका बोलबाला है ?

(A) सब्जियों का
(B) विज्ञापन का
(C) रोजगार पाने का
(D) कपड़ों का

5) देवी मैना किसकी रक्षा करना चाहती थी ?

(A) अपने पिता की
(B) अपने महल की
(C) अपने गहनों की
(D) अपने परिवार की

6) 'प्रेमचंद के फटे जूते' के लेखक कौन है ?

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(B) रामचन्द्र शुक्ल
(C) हरिशंकर परसाई
(D) राहुल सांकृत्यायन

7) एक कुत्ता और एक मैना निबंध में में गुरुदेव किसे कहा गया है ?

(A) शरत्चन्द्र
(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(C) रवींद्रनाथ ठाकुर
(D) महात्मा गाँधी

8) 'हम स्वस्थ सांस्कृतिक प्रभावों के लिए अपने दरवाजे खिड़की खुले रखें पर अपनी बुनियाद पर कायम रहें।' उपरोक्त कथन किसका है ?

(A) रवींद्रनाथ ठाकुर
(B) महात्मा गाँधी
(C) राहुल सांकृत्यायन
(D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

निर्देश :- निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 9 से 11 का उत्तर दीजिए।

माँ ने एक बार मुझसे कहा था,
दक्षिण की तरफ पैर करने मत सोना
यह मृत्यु की दिशा है
और यमराज को क्रुद्ध करना
बुद्धिमानी की बात नहीं

P/2

9) प्रस्तुत पंक्तियों के कवि कौन है ?

(A) रसखान (B) वारव

(C) चंद्रकांत देवताले (D) सुमित्रानंदन पंत

10) माँ ने क्या कहा था ?

(A) दक्षिण दिशा मृत्यु की दिशा है।

(B) उत्तर दिशा मृत्यु की दिशा है।

(C) दक्षिण दिशा जीवन की दिशा है।

(D) उत्तर दिशा यमराज की दिशा है।

11) यमराज को क्रुद्ध करना .... नहीं।

(A) गलत (B) बुद्धिमानी

(C) सही (D) बेवकूफी

12) ग्रामश्री कविता में किस ऋतु के सौंदर्य का वर्णन है ?

(A) बसंत ऋतु (B) शरद ऋतु

(C) ग्रीस्म ऋतु (D) बरसात ऋतु

13) रसवान कवि कृष्ण के लकुटी और कामरिया बदले क्या त्यागने के लिए तैयार हैं ?

(A) आठों सिद्धियाँ (B) नौ निधियाँ

(C) तीनों लोकों का साम्राज्य (D) स्वर्ण महल

14) किसकी मुस्कान गोपियों को अपने वश में कर लेती है ?

(A) कृष्ण (B) राम

(C) राधा (D) यशोदा

15) ‘जाने कब सुन मेरी पुकार करें देव भवसागर पार’ पंक्ति में भवसागर का क्या अर्थ है ?

(A) महासागर (B) संसार

(C) समुद्र (D) प्रशांत महा सागर

16) ‘मोकों कहाँ ढूँढे बंदे मैं तो तेरे पास में’ इस पंक्ति के कवि कौन हैं ?

(A) रहीम (B) रसखान

(C) कबीरदास (D) सूरदास

17) कार्यालयी पत्र लेखन में इनमें से क्या लिखना आवश्यक है ?

(A) विषय (B) अपने भाई का नाम

(C) प्रस्तावना (D) शीर्षक

18) संक्षेपण द्वारा हमारे किस कौशल का विकास होता है ?

(A) हस्त कौशल (B) लेखन कौशल

(C) श्रवण कौशल (D) दृष्टि कौशल

19) ‘ऊँची दुकान फीकी पकवान’ लोकोक्ति का क्या अर्थ है ?

(A) ऊँचाई वाली दुकान की पकवान फीकी

(B) अच्छी दुकान की अच्छी पकवान

(C) दिखावा अधिक वास्त्वविकता कम

(D) दिखावा कम वास्तविकता अधिक

20) ‘कौन’ आया था? यह किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) अनिश्चयवाचक सर्वनाम (B) निश्चयवाचक सर्वनाम

(C) निजवाचक सर्वनाम (D) प्रश्नवाचक सर्वनाम

21) ‘वह महामूर्ख है’ वाक्य में महामूर्ख क्या है ?

(A) संज्ञा (B) सर्वनाम

(C) विशेषण (D) क्रिया विशेषण

M (4)

22) 'रोटी' का लिंग निर्णय कीजिए।

(A) स्त्रीलिंग

(B) पुलिंग

(C) उभयलिंग

(D) नपुंसक लिंग

23) 'अपमान' शब्द में कौन-सा उपसर्ग लगा हुआ है?

(A) अ

(B) अप

(C) मान

(D) अपम

24) 'शिक्षक' शब्द में कौन सा प्रत्यय है?

(A) क

(B) क्षक

(C) अक

(D) इक्षक

25) हिन्दी में कर्त्ता के 'ने' चिन्ह का प्रयोग किस काल की क्रियाओं में होता है?

(A) वर्तमान काल

(B) भूतकाल

(C) भविष्य काल

(D) सामान्य वर्तमान

M (5)

HINDI - B

सेट - 3

उत्तर कुंजी

वर्ग - XI

प्रश्न सं0	सही उत्तर	प्रश्न सं0	सही उत्तर
1	B	11	B
2	C	12	A
3	A	13	C
4	B	14	A
5	B	15	B
6	C	16	C
7	C	17	A
8	B	18	B
9	C	19	C
10	A	20	D
		21	C
		22	A
		23	B
		24	C
		25	B

MC 8 6